7. **आवेदन शुल्क एवं अन्य प्रभार:–**

एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क पर विज्ञापित पद हेतु ऑनलाईन आवेदन करते समय अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को रूपये 1,000/– (रूपये 600/– पोर्टल प्रभार + 200/– आवेदन शुल्क + 200/– स्थापना एवं अन्य प्रभार) एवं अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी को रूपये 800/– (रूपये 600/– पोर्टल प्रभार + 200/– स्थापना एवं अन्य प्रभार) का भुगतान एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क पर करना होगा। चयनित उम्मीदवारों को आमंत्रण पत्र निकालने हेतु कियोस्क में कोई शुल्क अलग से नही देना है। कियोस्क पर छायाप्रति स्कैन किये जाने हेतु पोर्टल प्रभार के अतिरिक्त पृथक से कोई प्रभार देय नही है।

8. **चयन प्रकिया:–**

(i) उपरोक्त पद हेतु ऑन लाईन परीक्षा हिन्दी में आयोजित की जायेगी। परीक्षा हेतु सिलेबस आई.टी.आई. (इलैक्ट्रिशियन ट्रेड) कोर्स एवं 10वीं हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार होगा। तदोपरांत चयनित उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षा अनिवार्य रूप से उतीर्ण करना होगा।

(ii) ऑनलाईन परीक्षा वस्तुनिष्ठ (Objective Type) प्रकार की होगी जिसमें 100 प्रश्न रहेंगे। परीक्षा की अवधि 2 घण्टे रहेगी।

(iii) एम.पी.ऑन लाईन द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं इंदौर स्थित विभिन्न केन्द्रों पर ऑनलाईन परीक्षा आयोजित की जावेगी तथापि, अंतिम निर्णय उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर लिया जावेगा।

(iv) उम्मीदवारों को ऑन लाईन परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु एम.पी.ऑन लाईन द्वारा जारी नियम एवं शर्तों सहित प्रवेश पत्र **www.mponline.gov.in** से डाउन लोड किये जा सकते है।

(v) कंपनी द्वारा अधिकृत नोडल एजेंसी द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर उम्मीदवारों की उपस्थिति की Video CC TV Recording की जायेगी।

(vi) ऑन लाईन परीक्षा की आदर्श उत्तर पुस्तिका परीक्षा दिनांक से 02 से 05 दिवस के अंदर एम.पी.ऑन लाईन की वेबसाईट पर प्रकाशित की जावेगी। जिसे प्रकाशन तिथि से 04 दिवस के अन्दर चुनौती दी जा सकेगी।

(vii) उम्मीदवारों द्वारा परीक्षा में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर के संबंध में यदि चुनौती दी जाती है, तो कंडिका 9 में इंगित तालिका में दी गई समय सीमा के अनुसार आवश्यक निराकरण कर उम्मीदवारों को सूचित किया जायेगा।

(viii) ऑन लाईन परीक्षा मे अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिये कट ऑफ मार्क 35% एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिये 25% न्यूनतम अंक निर्धारित है।

(ix) चयन हेतु प्रावीण्य (मैरिट) सूची में आई.टी.आई. में प्राप्त प्रतिशत अंकों का 50% एवं प्रतियोगी परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों का 50% मान जोड़कर प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी।

(x) एम.पी. ऑनलाईन द्वारा आयोजित ऑनलाईन परीक्षा में प्राप्त अंको एवं आई.टी. आई. में प्राप्त अंकों के आधार पंर प्रावीण्य (मैरिट) सूची निम्नानुसार तैयार की जावेगी–

(अ) अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग इत्यादि के समस्त उम्मीदवारों की एक संयुक्त प्राविण्य सूची एवं वर्गवार पृथक प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी।

SarkariExam.com

(ब) उम्मीदवारों को प्रावीण्य (मैरिट) सूची के अनुसार चयन होने पर शारीरिक दक्षता परीक्षा उतीर्ण करना अनिवार्य होगा।

9. **महत्वपूर्ण दिनांक** – चयन प्रकिया से संबंधित महत्वपूर्ण दिनांक निम्नानुसार हैः–

| क. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ होने की दिनांक | 15.12.2017 |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन की अंतिम दिनांक | 14.01.2018 |
| 3 | आवेदन पत्र में सुधार (Editing) की दिनांक (निर्धारित शुल्क रू. 50/– के भुगतान करने पर) | 22.12.2017 से 14.01.2018 |
| 4 | एम.पी. ऑनलाईन वेबसाईट से एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की दिनांक | 22.01.2018 |
| 5 | नमूना प्रश्न पत्र (मॉक टेस्ट क्वेश्चन बुक) अपलोड करने की दिनांक | 31.01.2018 |
| 6 | ऑनलाईन परीक्षा की दिनांक | 05.02.2018 |
| 7 | आदर्श उत्तर शीट के प्रकाशन की तिथि | 07.02.2018 |
| 8 | प्रश्न पत्र से संबंधित आपत्तियॉ दर्ज करने की दिनांक | 07.02.2018 से 10.02.2018 |
| 9 | आपत्तियों के समाधान की दिनांक | 20.02.2018 |
| 10 | ऑनलाईन परीक्षा के परिणाम का प्रकाशन | 22.02.2018 |

अपरिहार्य कारणों से उक्त दिनांकों में फेरबदल संभव है।

10. **शारीरिक दक्षता हेतु चयनः–**

शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु चयनित उम्मीदवारों की सूची कंपनी की वेबसाईट पर प्रकाशित की जायेगी। चयनित उम्मीदवार अपना आमंत्रण पत्र एम.पी.ऑनलाईन के कियोस्क या कंपनी की वेबसाईट में उपलब्ध लिंक से डाउनलोड कर सकते है।

11. **शारीरिक दक्षता परीक्षाः–**

शारीरिक दक्षता परीक्षा जबलपुर मुख्यालय में आयोजित की जावेगी, जिसमें अभ्यर्थी को –

(i) 15 किलोग्राम वजन लेकर अधिकतम 10 मिनिट में 1 किलोमीटर की दूरी पूरी करनी होगी।

(ii) एक बार में शारीरिक दक्षता परीक्षा उतीर्ण न करने पर पुनः दक्षता परीक्षा नहीं ली जावेगी।

(iii) शारीरिक दक्षता परीक्षा उतीर्ण न करने पर उम्मीदवार को चयन के अयोग्य घोषित किया जावेगा।

12. **शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजः–** (अभ्यर्थी को वांछित प्रमाण–पत्र/अंक सूची की मूल प्रति एक छायाप्रति सहित प्रस्तुत करना होगा)

(i) दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण की अंक सूची एवं प्रमाण पत्र एवं व्यावसायिक योग्यता (आई.टी.आई. इलैक्ट्रिशियन ट्रेड) की अंकसूची एवं प्रमाण पत्र।

(ii) मध्य प्रदेश राज्य का मूल निवासी प्रमाण पत्र।

(iii) जाति प्रमाण पत्र (अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी किया गया मध्य प्रदेश राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों हेतु)।



SarkariExam.com